समाचार

# स्वच्छता दीदियों को समर्पित व पैरानॉईड संस्था द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर व आयुक्त ने किया वृक्षारोपण

## (पौधों के वृक्ष बनने तक इनका संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा का दायित्व संभालेगी निगम की स्वच्छता दीदियॉ )




कोरबा 08 अगस्त 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था पैरानॉईड के द्वारा आयोजित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वृक्षारोपण करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। निगम की स्वच्छता दीदियों को समर्पित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में आयोजनकर्ता संस्था पैरानॉईड के पदाधिकारियों वे सदस्यों, स्वच्छता दीदियों, निगम के अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन के अपने संकल्प को दोहराया।

नगर पालिक निगम कोरबा के पोड़ीबहार एस.एल.आर.एम.सेंटर के सामने स्थित रिक्त जमीन पर आज सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, निगम के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था पैरानॉईड के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद चन्द्रकली जायसवाल, डेंटल सर्जन डॉ.विवेकरंजन महतो, अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी वृक्षारोपण करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पौधा रोपण के पश्चात निगम की स्वच्छता दीदियों ने इन पौधों को रक्षासूत्र बांधा तथा इनके संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा का दायित्व संभालने का संकल्प लिया।

**<u>अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का लें संकल्प</u>** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उपस्थित लोगों का आव्हान करते हुए कहा कि आईए हम सब संकल्प लें कि हम अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करेंगे तथा इन पौधों के वृक्ष बनने तक इनकी सुरक्षा करेंगे। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता में स्वच्छता दीदियों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम हमारी स्वच्छता दीदियों को समर्पित किया गया है।

**<u>वृक्ष हमारे मित्र व बंधु–बान्धव जैसे हैं</u>** – इस मौके पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि वृक्ष हमारे परममित्र तथा बंधु–बान्धव जैसे हैं, पेड़ों के बिना मनुष्य क्या प्राणी मात्र की कल्पना नहीं की जा सकती, वास्तव में वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, इन्हीं से हमें प्राण वायु प्राप्त होती है, भोजन प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि एस.एल.आर.एम.सेंटर के सामने लगाए गए इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा का दायित्व हमारी स्वच्छता दीदियॉ उठाएंगी, निश्चित रूप से यह अत्यंत सराहनीय कदम होगा तथा आज जो पौधे रोपित किए गए हैं, उनमें से शत प्रतिशत पौधे आगे चलकर वृक्ष का रूप धारण करेंगे।

**<u>सराहनीय पहल</u>** – इस मौके पर डेंटल सर्जन डॉ.विवेकरंजन महतो ने कहा कि वृक्षा रोपण का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से सराहनीय कदम है, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है, वृक्षारोपण आज की बड़ी आवश्यकता है, यदि हमें पर्यावरण को संरक्षित रखना है तो ज्यादा से ज्यादा वृक्षों का रोपण करना होगा।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती चन्द्रकली जायसवाल के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राहुल मिश्रा, आनंद राठौर, अश्वनी दास, पूर्व पार्षद दीपक यादव, अनिल वस्त्रकार, मदनगोपाल साहू, पैरानॉईड संस्था के सदस्य आकाश सिंह, राजबीर कुमार, अभिषेक साहू, राहुल निर्मलकर, आकाश दुआ, पीआईयू धनमोहन रात्रे, सुपरवाईजर विजयलक्ष्मी तिवारी आदि ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षों के संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा के संकल्प को दोहराया।